267

डिक्री मुकदमा इब्तदाई

(ओ0 20 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, मुकाम –हिण्डौन जिला करौली
इजलास हेमराज गुर्जर, R.A.S.

उनवान

1. बहादुरसिंह
2. बदनसिंह
3. परसराम

| पिसरान स्व0 रामभरोसी जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली

4. रामादेवी बेबा स्व0 रामभरोसी जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन
5. श्रीमती रामकली पुत्री रामभरोसी पत्नि महेन्द्रसिंह जाति जाट निवासी बेरखेडा तहसील सूरौठ जिला करौली ———————————— वादीगण

बनाम

1. श्रीमती रामभूली उर्फ रम्भूली पुत्री स्व0 काड्या उर्फ कार्या बेबा किशनसिंह जातिजाट निवासी लालपुर तहसील नंदबई जिला भरतपुर
2. श्रीमती श्रवणीदेवी बेबा कजोडमल जाति जाट निवासी मौडी तहसील आमेर जिला जयपुर राजस्थान
3. पूरनसिंह पुत्र स्व0 दीवानसिंह
4. जोगेन्द्रसिंह पुत्र स्व0दीवानसिंह

| जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन

5. रोहित
6. प्रीति
7. शिवानी
8. रितु

| पिसरान सतवीरसिंह समस्त जाति जाट निवासी महूखास नाबालिग जरिये संरक्षिका सीमादेवी बेबा सतवीरसिंह

9. सीमादेवी बेबा सतवीरसिंह जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली
10. श्रीमती सोमोती बेबा दीवान जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन– मृतक
11. रेवती पुत्र गूंगासिंह जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन – मृतक

11/1. विजेन्द्रसिंह उर्फ किशोर पुत्र रेवती जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन

11/2. सुआदेवी बेबा स्व0रेवती जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन

11/3. मु0 हेमा पुत्री रेवती पत्नि नरेन्द्र जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन हाल निवासी श्यारौली तहसील बजीरपुर जिला सवाईमाधोपुर

12. नवाब पुत्र बेगन्ना जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन – मृतक

12/1. सुमेरसिंह
12/2. जीतू

| पिसरान नबाब जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

12/3. मु0 रामप्यारी देवी बेबा नबाब जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन

12/4. मु0 सुनीता देवी पुत्री नबाब पत्नि उदयसिंह जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन हाल निवासी सलेमपुर कला तहसील भुसावर जिला भरतपुर

12/5. मु0 भूरी देवी पुत्री नबाब पत्नि दरबसिंह जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन हाल निवासी सलेमपुर कला तहसील भुसावर जिला भरतपुर

13. नीरसिंह पुत्र बेगन्ना जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली

14. विशम्भर पुत्र बेगन्ना जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन – मृतक

15. तहसीलदार तहसील हिण्डौन जिला करौली

16. तेजसिंह पुत्र बाबूलाल जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली

17. सब रजिस्ट्रार हिण्डौन सिटी जिला करौली ——————————प्रतिवादीगण

दावा बाबत् घोषणा खातेदारी, व स्थायी निषेधाज्ञा **मुकदमा नं0 10/2015**

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे हाजिरी श्री देवीसिंह गुर्जर एवं श्री पी0एल0 गोयल एडवोकेट मिन कानिव मुदई रूबरू श्री अशोक नीमनका एडवोकेट मिन जानिब मुदायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि दावा वादीगण खिलाफ प्रतिवादीगण बाबत् घोषणा खातेदारी व स्थायी निषेधाज्ञा विवादित आराजी खसरा नम्बर 90 रकबा 0.28 है0, 93 रकबा 0.60 है0, 95 रकबा 0.32 है0, 122 रकबा 0.07 है0, 369 रकबा 0.10 है0, 408 रकबा 0.12 है0, 664 रकबा 0.11 है0, 666 रकबा 0.09 है0, 667 रकबा 0.34 है0, 671 रकबा 0.19 है0, 672 रकबा 0.20 है0, 680 रकबा 0.12 है0, 706 रकबा 0.10 है0, 744 रकबा 0.13 है0, 804 रकबा 0.08 है0, 805 रकबा 0.08 है0, 835 रकबा 0.06 है0, 870 रकबा 0.17 है0, 884 रकबा 0.56 है0, 885 रकबा 0.56 है0, 898 रकबा 0.45 है0, 1111 रकबा 0.32 है0 कुल किता 22 कुल रकबा 5.05 है0 तथा खसरा नम्बर 98 रकबा 0.32 है0, 99 रकबा 0.30 है0, तथा खसरा नम्बर 297 रकवा 0.09 है0, खसरा नम्बर 444 रकवा 0.09 है0, खसरा नम्बर 469 रकवा 0.10 है0, खसरा नम्बर 740 रकवा 0.05 है0, खसरा नम्बर 893 रकवा 0.26 है0 तथा खसरा नम्बर 92 रकवा 0.77 है0, खसरा नम्बर 94 रकवा 0.75 है0, खसरा नम्बर 95/1253 रकवा 0.32 है0, खसरा नम्बर 96 रकवा 29 है0, खसरा नम्बर 100 रकवा 0.20 है0, खसरा नम्बर 101 रकवा 0.11 है0 कुल किता 6 कुल रकवा 2.44 है0 वाके ग्राम महूखास तहसील हिण्डौन खारिज किया जाता है।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 29.08.2025 को यह डिक्री जारी की गई।

(हेमराज गुर्जर) 29/8/25
उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन जिला करौली (करौली)

269

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,हिण्डौन जिला करौली

मुकदमा नं0 10/2015 तारीख रजू:– 03.02.2015

पीठासीन अधिकारी :– हेमराज गुर्जर

R.A.S.

1. बहादुरसिंह
2. बदनसिंह
3. परसराम

पिसरान स्व0 रामभरोसी जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली

4. रामादेवी बेबा स्व0 रामभरोसी जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन
5. श्रीमती रामकली पुत्री रामभरोसी पत्नि महेन्द्रसिंह जाति जाट निवासी बेरखेडा तहसील सूरौठ जिला करौली ——— वादीगण

बनाम

1. श्रीमती रामभूली उर्फ रम्भूली पुत्री स्व0 काड्या उर्फ कार्या बेबा किशनसिंह जातिजाट निवासी लालपुर तहसील नंदबई जिला भरतपुर
2. श्रीमती श्रवणीदेवी बेबा कजोडमल जाति जाट निवासी मौडी तहसील आमेर जिला जयपुर राजस्थान
3. पूरनसिंह पुत्र स्व0 दीवानसिंह
4. जोगेन्द्रसिंह पुत्र स्व0दीवानसिंह

जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन

5. रोहित
6. प्रीति
7. शिवानी
8. रितु

पिसरान सतवीरसिंह समस्त जाति जाट निवासी महूखास नाबालिग जरिये संरक्षिका सीमादेवी बेबा सतवीरसिंह

9. सीमादेवी बेबा सतवीरसिंह जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली
10. श्रीमती सोमोती बेबा दीवान जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन– मृतक
11. रेवती पुत्र गूंगासिंह जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन – मृतक

11/1. विजेन्द्रसिंह उर्फ किशोर पुत्र रेवती जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन

11/2. सुआदेवी बेबा स्व0रेवती जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन

11/3. मु0 हेमा पुत्री रेवती पत्नि नरेन्द्र जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन हाल निवासी श्यारौली तहसील बजीरपुर जिला सवाईमाधोपुर

12. नवाब पुत्र बेगन्ना जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन – मृतक

12/1. सुमेरसिंह
12/2. जीतू

पिसरान नबाब जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

12/3. मु0 रामप्यारी देवी बेबा नबाब जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन

12/4. मु0 सुनीता देवी पुत्री नबाब पत्नि उदयसिंह जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन हाल निवासी सलेमपुर कला तहसील भुसावर जिला भरतपुर

12/5. मु0 भूरी देवी पुत्री नबाब पत्नि दरबसिंह जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन हाल निवासी सलेमपुर कला तहसील भुसावर जिला भरतपुर

13. नीरसिंह पुत्र बेगन्ना जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली

14. विशम्भर पुत्र बेगन्ना जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन – मृतक

15. तहसीलदार तहसील हिण्डौन जिला करौली

16. तेजसिंह पुत्र बाबूलाल जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन जिला करौली

17. सब रजिस्ट्रार हिण्डौन सिटी जिला करौली ——————————प्रतिवादीगण

दावा बाबत घोषणा खातेदारी व स्थायी निषेधाज्ञा

उपस्थित :– 1.श्री देवीसिंह गुर्जर एवं श्री पी.एल.गोयल एडवोकेट वादीगण

2. श्री अशोक नीमनका एडवोकेट प्रतिवादी सं0 3,4,5,9,11,12,13,16

निर्णय

दिनांक :– 29.08.2025

प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि वादी ने दावा बाबत् स्थायी निषेधाज्ञा विरूद्ध प्रतिवादीगण पेश कर वाद पत्र के मद नं01 में दर्ज किया है कि आराजी खसरा नम्बर 90 रकबा 0.28 है0, 93 रकबा 0.60 है0, 95 रकबा 0.32 है0, 122 रकबा 0.07 है0, 369 रकबा 0.10 है0, 408 रकबा 0.12 है0, 664 रकबा 0.11 है0, 666 रकबा 0.09 है0, 667 रकबा 0.34 है0, 671 रकबा 0.19 है0, 672 रकबा 0.20 है0, 680 रकबा 0.12 है0, 706 रकबा 0.10 है0, 744 रकबा 0.13 है0, 804 रकबा 0.08 है0, 805 रकबा 0.08 है0, 835 रकबा 0.06 है0, 870 रकबा 0.17 है0, 884 रकबा 0.56 है0, 885 रकबा 0.56 है0, 898 रकबा 0.45 है0, 1111 रकबा 0.32 है0 कुल किता 22 कुल रकबा 5.05 है0 स्थित ग्राम महूखास तहसील हिण्डौन है। जिसमें वादीगण हिस्सा 1/4, प्रतिवादी नम्बर 03 ता 10 हिस्सा 1/8, प्रतिवादी नम्बर 11 हिस्सा 1/8, प्रतिवादी नम्बर 12 ता 14 हिस्सा 1/4 व प्रतिवादी संख्या 01 हिस्सा 1/4, साबिक हाल जमाबंदी संवत् 2070 से 2073 खतौनी संख्या 21 में दर्ज है, जिनको बंदोवस्त विभाग के कर्मचारी व अधिकारीगण ने पुराने खसरा नम्बर 39 रकवा 3 बीघा 7 बिस्वा व खसरा नम्बर 39 मिन, खसरा नम्बर 41 रकवा 1 बीघा 6 बिस्वा, खसरा नम्बर 54 मिन रकवा 10 बिस्वा, खसरा नम्बर 275 रकवा 7 बिस्वा, खसरा नम्बर 309/2 रकवा 10 बिस्वा, खसरा नम्बर 558 रकवा 6 बिस्वा, खसरा नम्बर 574 रकवा 6 बिस्वा, खसरा नम्बर 560 रकवा 9 बिस्वा, खसरा नम्बर 561 रकवा 1 बीघा 7 बिस्वा, खसरा नम्बर 138/7 मिन रकवा 2 बीघा, खसरा नम्बर 565 रकवा 7 बिस्वा, खसरा नम्बर 566 रकवा 7 बिस्वा, खसरा नम्बर 600, खसरा नम्बर 576

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

रकवा 11 बिस्वा, खसरा नम्बर 602 रकवा 8 बिस्वा, खसरा नम्बर 631 रकवा 12 बिस्वा, खसरा नम्बर 629 रकवा 14 बिस्वा, खसरा नम्बर 675/1 रकवा 4 बिस्वा, खसरा नम्बर 736 रकवा 12 बिस्वा, खसरा नम्बर 629 रकवा 14 बिस्वा, खसरा नम्बर 675/1 रकवा 4 बिस्वा, खसरा नम्बर 736 रकवा 12 बिस्वा, खसरा नम्बर 749 मिन रकवा 4 बीघा 3 बिस्वा, खसरा नम्बर 749 मिन, खसरा नम्बर 763 रकवा 1 बीघा 15 बिस्वा से बनाये गये हैं, जो ग्राम महूखास तहसील हिण्डौन में स्थित हैं।

वाद पत्र के मद नं02 में दर्ज किया है कि आराजी खसरा नम्बर 98 रकवा 32 ऐयर, खसरा नम्बर 99 रकवा 30 ऐयर व समूल अन्य आराजीयात ग्राम महूखास, तहसील हिण्डौन में स्थित है, जिनके इन्द्राज खतौनी संख्या 21 संवत् 2070 से 2073 में दर्ज है। जिनको बंदोवस्त विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण ने पुराने खसरा नम्बर 42/1 मिन, खसरा नम्बर 40/1 रकवा 1 बीघा 9 बिस्वा भूमि से बनाये हैं, जो महूखास तहसील हिण्डौन में स्थित हैं।

वाद पत्र के मद नं03 में दर्ज किया है कि आराजी खसरा नम्बर 297 रकवा 9 ऐयर, खसरा नम्बर 444 रकवा 9 ऐयर, खसरा नम्बर 469 रकवा 10 ऐयर, खसरा नम्बर 740 रकवा 5 ऐयर, खसरा नम्बर 893 रकवा 26 ऐयर, कुल किता 5 कुल रकवा 59 ऐयर, ग्राम महूखास तहसील हिण्डौन में स्थित हैं, जो भूमि खतौनी संख्या 22 संवत् 2070 से 2073 में प्रतिवादी नम्बर 01 के नाम दर्ज हैं, जिनको बंदोवस्त कर्मचारी व अधिकारीगण ने पुराने खसरा नम्बर 211 रकवा 8 बिस्वा, खसरा नम्बर 369 रकवा 7 बिस्वा, खसरा नम्बर 389 रकवा 12 बिस्वा, खसरा नम्बर 682/2 रकवा 4 बिस्वा, खसरा नम्बर 755 रकवा 17 बिस्वा से बनाया है, जो भूमि ग्राम महूखास तहसील हिण्डौन में स्थित है। जिसके इन्द्राजात जमाबंदी संवत् 2038 से 2041 में मृतक कार्या के नाम दर्ज है।

वाद पत्र के मद नं04 में दर्ज किया है कि आराजी खसरा नम्बर 92 रकवा 0.77 ऐयर, खसरा नम्बर 94 रकवा 0.75 ऐयर, खसरा नम्बर 95/1253 रकवा 0.32 ऐयर, खसरा नम्बर 96 रकवा 29 ऐयर, खसरा नम्बर 100 रकवा 0.20 ऐयर, खसरा नम्बर 101 रकवा 11 ऐयर कुल किता 6 कुल रकवा 2.44 है0 भूमि ग्राम महूखास तहसील हिण्डौन में स्थित है। जिनको बंदोवस्त विभाग के कर्मचारीगण व अधिकारीगण ने पुराने खसरा नम्बर 37/2 मिन रकवा 4 बीघा 1 बिस्वा, खसरा नम्बर 402 रकवा 3 बीघा, खसरा नम्बर 46/1 मिन, खसरा नम्बर 46/2 मिन रकवा 2 बीघा 11 बिस्वा, खसरा नम्बर 45/1 मिन, खसरा नम्बर 47/1 से बनाया है, जो भूमि ग्राम महूखास, तहसील हिण्डौन में स्थित है।

वाद पत्र के मद नं05 में दर्ज किया है कि वादीगण व प्रतिवादीगण नम्बर 01 व 03 ता 14 का सजरा– ए–खानदान निम्न प्रकार हैः–

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)



वाद पत्र के मद नं06 में दर्ज किया है कि भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 01, 02 ,03 व 04 वाद पत्र वादीगण व प्रतिवादी नम्बर 03 ता 14 के संयुक्त कब्जे काश्त व खातेदारी की भूमियां हैं, जो उनके पूर्वजों से विरासत में प्राप्त हुई हैं। वादीगण के बाबा चिम्मन पुत्र मल्ला के फौत होने के 3 माह बाद वादीगण के पिता रामभरोसी का जन्म हुआ था, जिसका पालन–पोषण उनके खास चाचा कार्या उर्फ काड्या पुत्र मल्ला ने किया था, जो प्रतिवादीगण के पिताजीका कर्ता खानदान रहा था और वादीगण के पिताजी का स्वर्गवास दिनांक 11.02. 1996 के बाद वादीगण का भी कर्ता खानदान रहा है। वादीगण के बाबा के फौत होने के बाद दादी चमेली, चाचा कार्या के नाते बैठ गयी, जिसके बिन्द से प्रतिवादिया नम्बर 01 पैदा हुई, जिसकी शादी वादीगण के पिताजी कार्या ने किशनसिंह जाट, निवासी लालपुर, तहसील नदबई के साथ करीब 55 साल पूर्व कर दी थी। उसी समय से प्रतिवादी नम्बर 01 ग्राम लालपुर में अपने पति के साथ रहती रही है, प्रतिवादिया नम्बर 01 के पति के स्वर्गवास के बाद प्रतिवादिया नम्बर 01 ने बदयान्तिपूर्वक वादीगण के कर्ता खानदान कार्या उर्फ काड्या की खातेदारी की भूमियों की विरासत अपने नाम राजस्व कर्मचारियों से साज कर नामांतकरण संख्या 503 दिनांक 12.07.2014 को खुलवा लिया, जिसका अमलदरामद जमाबंदी आदि राजस्व रिकॉर्ड में प्रतिवादिया नम्बर 01 के नाम दर्ज हो गया। चूंकि वादी संख्या 01 ता 03 बाहर सर्विस करते रहे हैं, जिनको प्रतिवादिया नम्बर 01 के नाम दर्ज खातेदारी की जानकारी नहीं हो सकी। वादिया संख्या 05 अपनी ससुराल में रहती है, वादीगण के पिताजी रामभरोसी व कार्या उर्फ काड्या का संयुक्त परिवार रहा है। वादीगण के पिताजी सीधेसादे, अनपढ़, आदमी थे, जिनको अपने चाचा पर विश्वास व भरोसा होने से राजस्व रिकॉर्ड में अपने हिस्से की

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

जानकारी नहीं की और वादीगण के पिताजी के चाचा पटेल थे, जिन्होंने वादीगण के चाचा चिम्मन के हिस्से की भूमियों की खातेदारी भी अपने नाम करा ली, लेकिन वादीगण के पिताजी स्वयं के हिस्से व उसके चाचा के हिस्से व उसके चाचा की भूमियों को संयुक्त रूप से काबिज होकर काश्त करता रहा था, उसके फौत होने के बाद वादीगण भी सम्पूर्ण भूमियों को काबिज होकर वहैसियत मालिक व स्वामी फसल दर फसल काश्त करते रहे हैं। इस प्रकार से वादीगण भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 03 वाद पत्र में कानूनन 1/2 हिस्से के एवं भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 02 वाद पत्र में 1/4 हिस्से के खातेदार काश्तकार करार पाते हैं तथा वादीगण के पिताजी के नाम भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 01 व 04 वाद पत्र में 1/4 हिस्से की खातेदारी दर्ज हो रही है। खातेदार बच्चूसिंह पुत्र गूंगा करीब 21 साल पहले लाऔलाद फौत हो गया, जिसके नजदीकी वारिस प्रतिवादी नम्बर 03 ता 11 होने से उसके हिस्से की खातेदारी उनके नाम दर्ज हो गयी तथा सफेदी बेवा गूंगा करीब 9 साल पूर्व फौत हो चुकी है, जिसके नजदीकी वारिसान प्रतिवादी नम्बर 03 ता 11 हैं तथा खातेदारर दीवानसिंह फौत हो चुका है, जिसकी नजदीकी वारिस प्रतिवादी नम्बर 04 ता 10 हैं और खातेदार सतवीर फौत हो चुका है, जिसकी नजदीकी वारिस प्रतिवादी नम्बर 05 ता 09 होने से कायम मुकाम वारिसान हैं, जो उसके तर्के पर काबिज व दखील हैं।

वाद पत्र के मद नं07 में दर्ज किया है कि प्रतिवादी नम्बर 01 अपनी ससुराल में रहती रही है, प्रतिवादिया नम्बर 01 के पिताजी कार्या अत्यंत वृद्ध हो गये तो उनकी खानेपीने व रहन–सहन की सेवा प्रतिवादीगण के पिताजी ने ही की थी, तो प्रतिवादी नम्बर 01 के पिताजी कार्या ने अपनी स्वअर्जित भूमि में से वादीगण के पिताजी रामभरोसी को उनके जीवनकाल में उसकी चल–अचल सम्पत्तियों की एक वसीयत दिनांक 26.06.1981 को कर दी गई। जिसकी लिखापढ़ी 50–50 पैसे के दो नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प, स्टाम्प वेण्डर से निकलवाकर केदारलाल जिन्दल डीडराईटर तहसील हिण्डौन से ड्राफ्ट करवाकर केदारलाल डीडराईटर तहसील हिण्डौन ने कार्या के निर्देशन पर टाईप करवा दी और उस वसीयत पर कार्या स्वयं ने सुन व समझकर अपनी निशानी अंगुस्त वसीयतनामा पर कर दी और गवाहान हरवान जाट व किशनलाल जाट, निवासी महूखास ने अपने हस्ताक्षर सिब्त कर दिये तथा केदारलाल जिन्दल डीडराईटर तहसील हिण्डौन ने उक्त वसीयत पर अपने हस्ताक्षर कर दिये तथा अपनी सील लगाकर कार्या के हवाले कर दिया तथा कार्या ने उक्त वसीयत को रामभरोसी के हवाले कर दिया। प्रतिवादिया नम्बर 01 के पिताजी ने वादीगण के पिताजी के हक में उसके हिस्से 1/4 व सम्पूर्ण खातेदारी पुराने भूमि खसरा नम्बर 1/9, 2/9, 18, 37/1, 40/1, 40/2, 41, 42/1, 42/2, 43, 44, 45/1, 45/2, 46,/1, 47/1, 54, 138/7, 194, 211, 274, 275, 309/2, 369, 386, 552, 558, 560, 561, 565, 566, 474, 575/1, 576, 600, 602, 628/1, 628/2, 631, 659, 675/1, 675/2, 699/2, 736, 749,

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

755, 791, 880, 890 वाके ग्राम महूखास की अचल सम्पत्ति एवं नगदी, जेवर सोना–चांदी आदि की वसीयत कर दी, उक्त वसीयत को वादीगण के पिताजी रामभरोसी पुत्र चिम्मन जाति जाट, निवासी महूखास, तहसील हिण्डौन के हवाले कर दिया। जिसकी जानकारी वादीगण को नहीं थी और वसीयत को वादीगण के पिताजी ने अपने पास रख लिया। उक्त वसीयत को वादीगण की माताजी कहीं रखकर भूल गयी। वादीगण ने उनकी मां के पास रखे कागजातों को दिनांक 07.01.2015 को देखने को मांगा, तब उन कागजों में वसीयतनामा निकल आया तो वादीगण ने उक्त वसीयत को पटवारी हल्का को दे दिया और अपने नाम खातेदारी कराने को कहा तो पटवारी हल्का ने खातेदारी करने से मना कर दिया। वादीगण के पिताजी के हक में की गई उक्त वसीयत प्रथम वसीयत है, वादीगण के पिताजी के चाचा द्वारा अन्य कोई वसीयत या अन्य कोई प्रलेख किसी अन्य व्यक्ति के हक में नहीं लिखी है, वादीगण के पिताजी उसके चाचा के द्वारा की गई वसीयत की समस्त खातेदारी की भूमियों के हिस्सों तथा सम्पूर्ण भूमियों को काबिज होकर काश्त करते रहे हैं तथा फसल दर फसल मौके पर काबिज होकर काश्त कर रहे हैं, वादीगण के पिताजी के फौत होने के बाद वादीगण उक्त भूमियों को फसल दर फसल मौके पर काबिज होकर काश्त करते रहे हैं, वादीगण के पिता के चाचा दिनांक 04.12.1998 को फौत हो चुके हैं और वसीयतनामा के आधार पर वादीगण विवादित भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 01, 02 व 04 में वर्णित आराजीयात में मृतक कार्या के 1/4 हिस्सा व मुतजिक्रा मद नम्बर 03 में वर्णित भूमि की खातेदारी का कानूनन करार पाते हैं तथा लम्बे समय से विवादित भूमियां वादीगण के कब्जेकाश्त के आधार पर धारा 63 राजस्थान टीनेन्सी एक्ट के तहत कानूनन वादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किया जावे तथा प्रतिवादी संख्या 01 के नाम समस्त राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी आदि को नल एण्ड वोइड घोषित किया जावे।

वाद पत्र के मद नं08 में दर्ज किया है कि प्रतिवादिया संख्या 01 के नाम मृतक कार्या के हिस्से की भूमि की खातेदारी दर्ज होने से भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 03 वाद पत्र में वर्णित आराजीयात का विक्रय पत्र प्रतिवादिया संख्या 02 के हक में 5 लाख रुपया की स्टाम्प ड्यूटी लगाकर उप पंजीयक कार्यालय हिण्डौन में दिनांक 17.09.2014 को तहरीर तकमील कराकर पंजीबद्ध करा दिया है, जिस विक्रय पत्र की मालियत 6,31,300/–रुपया उप पंजीयन अधिकारी हिण्डौन ने मानकर राशि जमा होने पर पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 337 में पृष्ठ संख्या 78 क्रम संख्या 2014002975 पर पंजीबद्ध किया गया और अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 व जिल्द संख्या 980 के पृष्ठ संख्या 174 से 182 पर चस्पा कर निष्पादन कर दिया है, जो विक्रय पत्र शुरू से ही नल एण्ड वोइड एवं प्रभावहीन घोषित किये जाने योग्य है तथा उक्त विक्रय पत्र बेनामी व बिना कब्जा, बिना बदल प्रतिवादी संख्या 01 तथा बिना प्रतिफल के होने से भी अवैध घोषित किया जावे और इस बेनामी विक्रय पत्र के आधार से प्रतिवादी संख्या 02

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

अपने नाम नामांतकरण नहीं खुलवाने के लिये पाबन्द किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है।

वाद पत्र के मद नं09 में दर्ज किया है कि प्रतिवादिया संख्या 01 ने प्रतिवादिया संख्या 02 को दिनांक 17.09.2014 को कराये गये विक्रय पत्र की जानकारी वादीगण को नहीं होने दी है, प्रतिवादिया संख्या 01 ने वादीगण के पीछे से उक्त फर्जीवाडे से विक्रय पत्र प्रतिवादी संख्या 02 के हक में कराया है, जिसके आधार से प्रतिवादिया नम्बर 02 अपने नाम नामांतकरण खुलवाने पर उतारू है और विक्रित भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 03 वाद पत्र को फर्जीवाडे से किये गये विक्रय पत्र के आधार से विक्रित भूमि को किसी लठैत व्यक्ति को विक्रय कर वादीगण के कब्जेकाश्त से बेदखल करने व रहनवय करने की धमकी दे रही है, जिससे वादीगण के अधिकारों पर भारी कुठाराघात होगा और वादीगण बरबाद हो जावेंगे।

वाद पत्र के मद नं010 में दर्ज किया है कि वादीगण दिनांक 05.01.2015 को अपने खेतों की फसल की देखभाल कर रहे थे तो प्रतिवादिया संख्या 01 व 02 अपने साथ 7 आदमियों को लेकर आयीं और वादीगण को ऐलानिया कहने लगी कि भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 03 में वर्णित आराजीयात में फसल गेहूं व सरसों से निकल जाओ तो वादीगण ने हाथ जोड़कर कहा कि ये फसलें हमने काश्त की है, तो प्रतिवादी नम्बर 01 व 02 नाराज हो गयीं और उनके साथ आये हमराही वादीगण से गाली–गलौंज करने लग गये और वादीगण को ऐलानिया धमकी देने लगे कि इस विवादित भूमि की खातेदारी हमारे नाम है और किसी लठैत व्यक्ति को रहनवय कर देंगे और तुम्हें जबरन लट्ठ के बल पर बेदखल कर देंगे तो पड़ौस के खेतों वालों ने प्रतिवादी नम्बर 01 व 02 एवं उनके साथ वाले बडबडाते हुए चले गये और वादीगण को प्रतिवादी नम्बर 01 ने ऐलानिया धमकी दी है कि भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 01, 02 व 04 में मेरे नाम खातेदारी दर्ज है, जिसको किसी भी लठैत व्यक्ति को रहनवय कर दूंगी। प्रतिवादी नम्बर 01 व 02 की बेजा हरकत के लिये स्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाना आवश्यक है।

वाद पत्र के मद नं011 में दर्ज किया है कि प्रतिवादी नम्बर 03 ता 14 को सहखातेदार होने से एवं प्रतिवादी नम्बर 15 को लैण्ड होल्डर होने के कारण पक्षकार मुकदमा बनाया गया है।

वाद पत्र के मद नं012 में दर्ज किया है कि विनाय दावा दिनांक 05.01.2015 को प्रतिवादी नम्बर 01 व 02 ने भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर01, 02 व 04 वाद पत्र में वर्णित आराजीयात के हिस्से 1/3 व भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 03 वाद पत्र में से सम्पूर्ण हिस्से से जबरन बेदखल करने की धमकी देने से एवं किसी लठैत व्यक्ति को रहनवय करने की धमकी देने से वाद कारण उत्पन्न हुआ है और दावा हाजा अंदर म्याद पेश है।

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

वाद पत्र के मद नं012 (अ) में दर्ज किया है कि प्रतिवादी नम्बर 02 ने उक्त प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा के आदेश तारीखी 05.10.2015 के अस्तित्व में रहते हुए तथा विवादित भूमि के सम्बंध में दावे में अपनी विफलता को देखते हुए प्रकरण में विचाराधीन भूमि को खुर्दबुर्द करने की गरज से न्यायालय के आदेश तारीखी 05.10.2015 की अवज्ञा करते हुए दिनांक 08.06.2022 को प्रतिवादी नम्बर 02 ने भूमि खसरा नम्बर 740 रकवा 5 ऐयर सम्पूर्ण को व खसरा नम्बर 469 रकवा 10 ऐयर में से 1/10 हिस्से को दीगर व्यक्ति तेजसिंह पुत्र बाबूलाल जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन को बिना कब्जे के विक्रय कर दिया और उक्त आशय का एक विक्रय पत्र लोकेन्द्र शर्मा डीडराईटर हिण्डौन से यह झूंठा व बनावटी व रिकॉर्ड के विरुद्ध तथ्य दर्ज कराते हुए कि उक्त भूमि पर किसी भी न्यायालय का कोई स्थगन नहीं है, तहरीर व तकमील कराकर उसे सब रजिस्ट्रार हिण्डौन के यहां दिनांक 08.06.2022 को ही पंजीकृत करा दिया, जबकि उक्त भूमि पर प्रतिवादी नम्बर 02 का कोई कब्जा किसी प्रकार का नहीं है। उक्त वयनामा स्थगन आदेश के अस्तित्व में रहते हुए बिना कब्जे व प्रतिफल के केवलमात्र वादी के दावे को डिफीट करने की गरज से न्यायालय हाजा की बिना अनुमति के पंजीबद्ध कराया है जो धारा 52 ट्रांसफर प्रोपर्टी एक्ट से हिट होने के कारण शून्य व प्रभावहीन है, इसलिये उक्त वयनामा बमुकाबले वादीगण शून्य व प्रभावहीन घोषित फरमाया जावे तथा उक्त वयनामा के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में किये गये समस्त परिवर्तन भी बमुकाबले वादीगण शून्य व प्रभावहीन घोषित कर निरस्त फरमाये जावें।

वाद पत्र के मद नं012 (ब) में दर्ज किया है कि प्रतिवादी नम्बर 02 ने उक्त प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा के आदेश तारीखी 05.10.2015 के अस्तित्व में रहते हुए तथा विवादित भूमि के सम्बंध में दावे में अपनी विफलता को देखते हुए प्रकरण में विचाराधीन भूमि को खुर्दबुर्द करने की गरज से न्यायालय के आदेश तारीखी 05.10.2015 की अवज्ञा करते हुए दिनांक 08.06.2022 को प्रतिवादी नम्बर 02 ने भूमि खसरा नम्बर 740 रकवा 5 ऐयर सम्पूर्ण को व खसरा नम्बर 469 रकवा 10 ऐयर में से 1/10 हिस्से को दीगर व्यक्ति तेजसिंह पुत्र बाबूलाल जाति जाट निवासी महूखास तहसील हिण्डौन को बिना कब्जे के विक्रय कर दिया और उक्त आशय का एक विक्रय पत्र लोकेन्द्र शर्मा डीडराईटर हिण्डौन से यह झूंठा व बनावटी व रिकॉर्ड के विरुद्ध तथ्य दर्ज कराते हुए कि उक्त भूमि पर किसी भी न्यायालय का कोई स्थगन नहीं है, तहरीर व तकमील कराकर उसे सब रजिस्ट्रार हिण्डौन के यहां दिनांक 08.06.2022 को ही पंजीकृत करा दिया, जबकि उक्त भूमि पर प्रतिवादी नम्बर 02 का कोई कब्जा किसी प्रकार का नहीं है। उक्त वयनामा स्थगन आदेश के अस्तित्व में रहते हुए बिना कब्जे व प्रतिफल के केवलमात्र वादी के दावे को डिफीट करने की गरज से न्यायालय हाजा की बिना अनुमति के पंजीबद्ध कराया है जो धारा 52 ट्रांसफर प्रोपर्टी एक्ट से हिट होने के कारण शून्य व प्रभावहीन है।

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

वाद पत्र के मद नं013 में दर्ज किया है कि विवादि भूमि कृषि भूमि होने से व अदालत हाजा के क्षेत्राधिकार में होने से दावा हाजा की सुनवाई का अधिकार क्षेत्र माननीय अदालत हाजा को प्राप्त है।

वाद पत्र के मद नं015 (अ) में दर्ज किया है कि दावा वादीगण खिलाफ प्रतिवादीगण संख्या 01 इस अम्र का डिक्री किया जावे कि भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 01 वाद पत्र में वर्णित आराजी खसरा नम्बर 90 रकवा 28 ऐयर, खसरा नम्बर 93 रकवा 60 ऐयर, खसरा नम्बर 95 रकवा 32 ऐयर, खसरा नम्बर 122 रकवा 7 ऐयर, खसरा नम्बर 369 रकवा 10 ऐयर, खसरा नम्बर 408 रकवा 12 ऐयर, खसरा नम्बर 664 रकवा 11 ऐयर, खसरा नम्बर 666 रकवा 9 ऐयर, खसरा नम्बर 667 रकवा 34 ऐयर, खसरा नम्बर 671 रकवा 19 ऐयर, खसरा नम्बर 672 रकवा 20 ऐयर, खसरा नम्बर 680 रकवा 12 ऐयर, खसरा नम्बर 706 रकवा 10 ऐयर, खसरा नम्बर 744 रकवा 13 ऐयर, खसरा नम्बर 804 रकवा 8 ऐयर, खसरा नम्बर 805 रकवा 8 ऐयर, खसरा नम्बर 835 रकवा 6 ऐयर, खसरा नम्बर 870 रकवा 17 ऐयर, खसरा नम्बर 884 रकवा 56 ऐयर, खसरा नम्बर 885 रकवा 56 ऐयर, खसरा नम्बर 898 रकवा 45 ऐयर, खसरा नम्बर 1111 रकवा 32 ऐयर, कुल किता 22 के वसीयत के आधार से व लोंग टर्म्स पजेशन के आधार से प्रतिवादी संख्या 01 के पिता कार्या उर्फ काड्या को 1/4 हिस्से का खातेदार एवं भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 02 वाद पत्र में वर्णित आराजी खसरा नम्बर 98 रकवा 32 ऐयर, खसरा नम्बर 99 रकवा 30 ऐयर में प्रतिवादिया संख्या 01 के पिता कार्या उर्फ काड्या के 1/4 हिस्स का खातेदार एवं भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 03 वाद पत्र में वर्णित आराजी खसरा नम्बर 297 रकवा 9 ऐयर, खसरा नम्बर 444 रकवा 9 ऐयर, खसरा नम्बर 469 रकवा 10 ऐयर, खसरा नम्बर 740 रकवा 5 ऐयर, खसरा नम्बर 893 रकवा 26 ऐयर में प्रतिवादिया नम्बर 01 के पिता कार्या उर्फ काड्या के 1/2 हिस्सा का खातेदार घोषित किया जावे तथा भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 04 में वर्णित आराजी खसरा नम्बर 82 रकवा 0.77 ऐयर, खसरा नम्बर 94 रकवा 0.75 ऐयर, खसरा नम्बर 95/1253 रकवा 0.32 ऐयर, खसरा नम्बर 96 रकवा 29 ऐयर, खसरा नम्बर 100 रकवा 0.20 ऐयर, खसरा नम्बर 101 रकवा 11 ऐयर में प्रतिवादिया के पिता कार्या उर्फ काड्या के 1/4 हिस्से का वादीगण को खातेदार घोषित किया जावे व प्रतिवादिया के नाम विरासत में खोले गये नामांतकरण संख्या 503 दिनांक 12.07.2014 को निरस्त किया जावे तथा प्रतिवादिया संख्या 01 का नाम समस्त राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज नल एण्ड वोइड होने से निरस्त किया जावे और प्रतिवादिया द्वारा दिनांक 17.09.2014 को प्रतिवादिया संख्या 02 के हक में किये गये फर्जीवाडे से विक्रय पत्र तथा प्रतिवादी संख्या 02 द्वारा तेजसिंह पुत्र बाबूलाल जाति जाट निवासी महूखास के हक में कराये गये वयनामा तारीखी 08.06.2022 को भी बमुकाबले वादीगण नल एण्ड वोइड व प्रभावहीन बेअसर घोषित किया जावे।

वाद पत्र के मद नं015 (ब) में दर्ज किया है कि दावा वादीगण विरुद्ध प्रतिवादी संख्या 01 व 02 बावत् स्थायी निषेधाज्ञा डिक्री किया जाकर भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 01, 02 व 04 वाद पत्र में वर्णित आराजीयात में वादीगण को वसीयतनामा के आधार से प्रतिवादिया संख्या 01 के पिता कार्या उर्फ काड्या के 1/4 हिस्सा एवं भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 03 वाद पत्र में वर्णित अराजीयात के 1/2 हिस्सा व वादीगण की वसीयत के आधार से प्रतिवादिया संख्या 01 के पिता कार्या उर्फ काड्या के 1/2 हिस्से में प्रतिवादिया संख्या 01 व 02 कब्जेकाश्त में मजाहमत मदाखलत नहीं करें तथा भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 01, 02 व 04 की भूमियों को प्रतिवादिया संख्या 01 रहनवय नहीं करे ओर प्रतिवादिया संख्या 02 भूमि मुतजिक्रा मद नम्बर 03 में वर्णित आराजीयात को बेनामी विक्रय पत्र के आधार से नामांतकरण नहीं खुलवाये। इसके लिये प्रतिवादिया नम्बर 02 को व प्रतिवादिया नम्बर 01 को रहनवय नहीं करने के लिए जरिये स्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द फरमाया जावे।

दावा दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। दिनांक 22.07.2015 को प्रतिवादी सं0 1, 3 ता 15 बावजूद तामील उपस्थित नहीं हुए इसलिए उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही करने के आदेश दिये गये। दिनांक 21.12.2015 को प्रतिवादी सं02 बावजूद तामील उपस्थित नहीं हुए इसलिए इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करने के आदेश दिये गये। दिनांक 23.12.2015 को प्रतिवादी सं01 व 2 की ओर से श्री पुष्पेन्द्र जैन एडवोकेट ने बकालतनामा मय दरख्वास्त ऑर्डर 09 रूल 7 सीपीसी पेश किया तथा प्रतिवादी सं0 3,4,5,9,11,12,13 की ओर से श्री श्यामलाल शर्मा एवं श्री अशोक नीमनका एडवोकेट ने बकालतनामा मय दरख्वास्त ऑर्डर 09 रूल 7 सीपीसी पेश किया । उक्त दोनो दरख्वास्त ऑर्डर 09 रूल 7 सीपीसी दिनांक 03.10.2016 को स्वीकार करते हुए जबावदावा पेश करने के आदेश जारी किये गये। लगभग 05 वर्ष का समय निकलने के पश्चात भी उक्त प्रतिवादीगण की ओर से कोई जबावदावा पेश नहीं होने पर दिनांक 12.12.2021 को प्रतिवादीगण का जबाव बन्द करने के आदेश दिये गये। दिनांक 11.08.2021 को प्रतिवादी सं01 व 2 व उनके अधिवक्ता को बार– बार आवाज दिलाने के उपरान्त भी उपस्थित नहीं हुए इसलिए प्रतिवादी सं01 व 2 के विरूद्ध पुनः एकतरफा कार्यवाही करने के आदेश दिये गये। उक्त प्रकरण में दिनांक 25.07.2022 को प्रार्थना पत्र ऑर्डर 06 रूल 17 एवं ऑर्डर 01 रूल 10 सीपीसी एवं प्रतिवादी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र ऑर्डर 09 रूल 7 सपठित धारा 151 सीपीसी पेश किया। दिनांक 20.12.2022 को प्रार्थना पत्र ऑर्डर 06 रूल 17 एवं ऑर्डर 01 रूल 10 सीपीसी एवं प्रतिवादी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र ऑर्डर 09 रूल 7 सपठित धारा 151 सीपीसी एवं ऑर्डर 22 रूल 4 सीपीसी पर बहस सुनी जाकर प्रार्थना पत्र ऑर्डर 09 रूल 7 सपठित धारा 151 सीपीसी पेश किया। दिनांक 20.12.2022 को प्रार्थना पत्र ऑर्डर 06 रूल 17 एवं ऑर्डर 01 रूल 10 सीपीसी एवं प्रतिवादी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र ऑर्डर 09 रूल 7 सपठित धारा 151 सीपीसी एवं ऑर्डर

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

22 रूल 4 सीपीसी पर बहस सुनी जाकर प्रार्थना पत्र ऑर्डर 06 रूल 17 एवं ऑर्डर 01 रूल 10 सीपीसी एवं ऑर्डर 22 रूल 4 सीपीसी को स्वीकार किया गया तथा प्रतिवादी अधिवक्ता का प्रार्थना पत्र ऑर्डर 09 रूल 7 सपठित धारा 151 सीपीसी खारिज किया गया। जिसके आधार पर प्रकरण में संशोधित वाद पत्र पेश हुआ।

उक्त प्रकरण में प्रतिवादी सं0 16 की ओर से दिनांक 01.07.2024 को जबावदावा पेश जबावदावा के मद नं01 में दर्ज किया है कि मद नं. 1 वाद पत्र गलत है और अस्वीकार है। इस मद में वर्णित आराजीयात से वादी का कोई सम्बन्ध किसी प्रकार से नहीं है।

जबावदावा के मद नं02 में दर्ज किया है कि मद नं. 2 वाद पत्र गलत है और अस्वीकार है।इस मद में वर्णित आराजीयात से वादी का कोई सम्बन्ध किसी प्रकार से नहीं है।

जबावदावा के मद नं03 में दर्ज किया है कि मद नं. 3 वाद पत्र गलत है और अस्वीकार है।इस मद में वर्णित आराजीयात से वादी का कोई सम्बन्ध किसी प्रकार से नहीं है।

जबावदावा के मद नं04 में दर्ज किया है कि मद नं. 4 वाद पत्र गलत है और अस्वीकार है।इस मद में वर्णित आराजीयात से वादी का कोई सम्बन्ध किसी प्रकार से नहीं है।

जबावदावा के मद नं05 में दर्ज किया है कि मद नं. 5 में वर्णित सजरा में रामभूली को कारया की पुत्री होना और कारया का पिता मल्ला होना स्वीकार है और विवादग्रस्त आराजीयात मृतक कारया को उनके पिता मृतक मल्ला से विरासत में प्राप्त हुई है इसलिए विवादग्रस्त सम्पत्ति प्रतिवादी सं01 रामभूली की पैत्रिक आराजीयात है।

जबावदावा के मद नं06 में दर्ज किया है कि मद नं. 6 वाद पत्र जिस प्रकार से तहरीर किया गया है, स्वीकार नहीं है। इस मद में वर्णित सम्पूर्ण इबारत वादी द्वारा मनगढन्त व कपोल कल्पित दर्ज कराई है। विवादग्रस्त आराजीयात से वादीगण का कभी कोई सम्बन्ध किसी प्रकार का नहीं रहा है, विवादगस्त आराजीयात प्रतिवादीया राममूली एवं प्रतिवादी श्रवणी देवी की पैतृक आराजीयात है, जिनसे वादीगण का कोई सम्बन्ध होना किन्ही भी परिस्थितियों में सम्भव नहीं है।

जबावदावा के मद नं07 में दर्ज किया है कि मद नं0 7 वादपत्र गलत है और स्वीकार नहीं है। प्रतिवादी सं01 के पिता मृतक कारया ने कभी भी वादीगण के पिता रामभरोसी के हक में कोई वसीयत तकमील तस्दीक नहीं कराई, दिनांक 26.06.1981 को वादीगण द्वारा 50–50 पैसे के दो नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर प्रतिवादीया सं01 के मृतक पिता कारया की ओर से फर्जी बनावटी व कूटरचित वसीयत तैयार करवाई है, जिसमें लेशमात्र भी सत्यता नहीं है, प्रतिवादीया सं01 व 2 को मृतक कारया से विरासत में प्राप्त हुई समस्त चल व अचल

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

सम्पत्ति पर प्रतिवादीया सं01 व 2 बतौर स्वामी काबिज एवं दखील है। उक्त आराजीयात को मौके पर मृतक कारया के जीवनकाल से आज दिनांक तक बतौर स्वामी काश्त करती चली आ रही हैं, इसलिए वादीगण कब्जे के अभाव में कोई दादरसी प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है। इस मद में वर्णित सम्पूर्ण आराजीयात से वादीगण का कभी कोई सम्बन्ध नहीं रहा है और ना ही आज है।

जबावदावा के मद नं08 में दर्ज किया है कि मद नं0 8 जिस प्रकार तहरीर किया गया है, स्वीकार नहीं है। मद नं0 3 में वर्णित आराजीयात का विक्रय पत्र दिनांक 17.09.2014 को एकदम सही व विधि अनुसार तकमील तस्दीक कराया गया है, जिससे वादीगण को कोई सरोकार नहीं होना चाहिए।

जबावदावा के मद नं09 में दर्ज किया है कि मद नं. 9 जिस प्रकार तहरीर किया गया है स्वीकार नहीं है। विक्रय पत्र तारीखी 17.09.2014 की वादीगण को भली प्रकार जानकारी है।

जबावदावा के मद नं010 में दर्ज किया है कि मद नं010 गलत है अस्वीकार है।

जबावदावा के मद नं011 में दर्ज किया है कि मद नं011 गलत है अस्वीकार है।

जबावदावा के मद नं012 में दर्ज किया है कि मद नं0 12 गलत है अस्वीकार है। आराजीयात विवादग्रस्त से वादीगण का कोई सम्बन्ध किसी प्रकार नहीं रहा है।

जबावदावा के मद नं012 (अ) में दर्ज किया है कि मद नं0 12 (अ) जिस प्रकार से तहरीर किया गया है, स्वीकार नहीं है प्रतिवादी सं01 द्वारा कराये गये समस्त विक्रय पत्र विधि अनुसार एकदम सही है जिन पर उज्र करने का वादीगण को कोई अधिकार प्राप्त नहीं हैं।

जबावदावा के मद नं012 (ब) में दर्ज किया है कि मद नं0 12 (ब) गलत है, अस्वीकार है, दिनांक 08.06.2022 को प्रतिवादी सं02 द्वारा प्रतिवादी सं016 के हक में कराया गया विक्रय पत्र सम्पूर्ण विधिक प्रक्रिया के अनुशरण करते हुए तकमील तस्दीक कराया गया है, उक्त विक्रय पत्र के आधार पर वादी प्रतिवादी सं016 के नाम उक्त आराजीयात में नामान्तकरण भी तकमील तस्दीक फरमाया जा चुका है, और साथ ही उक्त आराजी पर प्रतिवादी सं0 16 बतौर खातेदार काबिज काश्त है।

जबावदावा के मद नं013 में दर्ज किया है कि मद नं0 13 गलत है अस्वीकार है। प्रकरण में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र को केन्सिल कराने का वैधानिक अधिकार सिविल न्यायालय को प्राप्त हैं, इसलिए वाद वादी खारिज फरमाये जाने योग्य है।

जबावदावा के मद नं014 में दर्ज किया है कि मद नं014 गलत है अस्वीकार है।

जबावदावा के मद नं015 अ,ब,स,द में दर्ज किया है कि मद नं0 15 अ,ब,स,द, गलत है अस्वीकार है। इन मदों में चाही कोई दादरसी वादीगण प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं। वादीगण द्वारा उक्त वाद फर्जी व बनावटी वसीयत तारीखी 2606.1981 के आधार पर

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

प्रस्तुत किया है जबकि पैतृक आराजीयात की वैधानिक तौर पर वसीयत कराया जाना किन्ही भी परिस्थितियों में वैधानिक नहीं है, इसलिए वाद वादी मय खर्चा खारिज फरमाये जाने योग्य है।

अतः जबावदावा पेश कर निवेदन किया है कि वाद वादीगण मय खर्चा खारिज फरमाया जावे।

वाद पत्र एवं जबावदावा के आधार पर प्रकरण में निम्नलिखित तनकीयात कायम की गई।

1. आया प्रतिवादी सं01 के पिता कारया ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति की वादीगण के पिता रामभरोसी के हक में दिनांक 26.06.1981 को वसीयत की गई है। – जिम्मे वादीगण
2. आया वादीगण मुतजिका मद नं01 वाद पत्र में वर्णित आराजी कुल किता 22 वाके ग्राम महूखास में वसीयत के आधार पर व लोंग टर्मस पजेशन के आधार पर प्रतिवादी सं01 के पिता कारया उर्फ काडया के 1/4 हिस्से का व मुतजिका मद नं02 वाद पत्र में वर्णित आराजी खसरा नम्बर 98, 99 वाके ग्राम महूखास में कारया के 1/4 हिस्सा, तथा मुतजिका मद नं03 वाद पत्र में वर्णित आराजी में कारया के 1/2 हिस्से व मुजिका मद नं0 4 वाद पत्र में वर्णित आराजी में कारया के 1/4 हिस्से का वादीगण अपने हक में खातेदारी कराने के कानूनी अधिकारी हैं। – जिम्मे वादीगण
3. आया वादीगण, विरासत के आधार पर खोले गये नामान्तकरण सं0 503 तारीखी 12.7.2014 को निरस्त कराने व उसके आधार पर कायम किये गये राजस्व इन्द्राजात को नल एण्ड बोईड घोषित कराने के अधिकारी हैं।
4. आया वादीगण मुताविक वाद पत्र मद नं0 12 (अ) प्रतिवादी सं02 द्वारा खसरा नम्बर 740 रकबा 0.05 है0 सम्पूर्ण, खसरा नम्बर 469 रकबा 0.10 है0 में हिस्सा 1/10 का बयनामा प्रतिवादीसं0 16 तेजसिंह के हक में दिनांक 08.06.2022 को पंजीबद्ध कराये गये विक्रय पत्र बिना कब्जे व बिना प्रतिफल व स्थगन आदेश से पाबन्द होने के बावजूद दोराने दावा होने से धारा 52 ट्रांसफर प्रोपर्टी एक्ट से हिट होने से नल एण्ड बोईड व प्रभावहीन शून्य घोषित किये जाने व उसके आधार पर राजस्व रिकार्ड में किये गये समस्त परिवर्तन भी बमुकाबले वादीगण शून्य एवं प्रभावहीन घोषित कराने के अधिकारी हैं।– जिम्मे वादीगण
5. आया वादीगण भूमि मुतजिका मद नं01,2,4 वाद पत्र में मुताविक वसीयतनामा कारया के 1/4 हिस्सा व मुतजिका मद नं03 वाद पत्र में उसके 1/2 हिस्से के सम्बन्ध में प्रतिवादीगण को स्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द कराने के अधिकारी हैं।

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

6. आया वसीयत तारीखी 26.06.1981 फर्जी व बनावटी है, पैतृक सम्पत्ति की कानूनन वसीयत नहीं की जा सकती। वादीगण का वाद खारिज योग्य है। – जिम्मे प्रतिवादी नं0 16

7. आया प्रकरण में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र को केन्सिल करने का वैधानिक अधिकार सिविल न्यायालय को प्राप्त हैं। वादीगण का वाद खारिज योग्य है। – जिम्मे प्रतिवादी नं0 16

8. दादरसी

